Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 248 रायपुर, सोमवार 30 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

छग को केन्द्रीय परिवहन मंत्री से 10,000 करोड़ की सौगात

रायपुर, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ को 10,000 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी है। इस राशि से राज्य में 4 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इन परियोजनाओं से राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और परिवहन की सुविधाएं बेहतर होंगी।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बैठक के दौरान इन परियोजनाओं पर चर्चा की। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर गहन मंथन हुआ।4 नई परियोजनाओं के लिए ष्ठक्रक्र को केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच पहले फेज़ का कार्य रिकॉर्ड 4 महीने में पूरा हुआ, इसके लिए गडकरी जी ने छत्तीसगढ़ सरकार और अधिकारियों को बधाई दी है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा – हमारी सरकार सभी परियोजनाओं को समय पर और बिना किसी रुकावट के पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रत्येक सप्ताह कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारियों को कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के डीपीआर को मिली मंजूरी

दो बाइकों में ज़बरदस्त भिड़ंत चालकों की हालत गंभीर

रायपुर, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। रायपुर के डूमरतराई इलाके में आज सुबह एक जबरदस्त दुर्घटना हुई है जिसमें दो बाइक सवार आपस में टकरा गए हैं बाइक की स्पीड इतनी अधिक थी की जोरदार टक्कर के बाद दोनों चालक गाड़ी से अलग-थलग हो गए और गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है एक चालक कि जहां आंख की पुतली बाहर आ गई है वहीं दूसरे चालक के सर पर गंभीर चोट आया है.

आपको बता दे की थोक मार्केट डूमर तराई पुराना धमतरी रोड में दो बाइक क्रॉस करते समय आपस में जोरदार टक्कर हो गई दोनों बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गए देखते ही देखते भीड़ लग गई माना थाना को सूचना देने पर 112 के स्टाफ मौके वारदात पर पहुंचे और घायल व्यक्तियों को तत्काल माना कैंप सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया दोनों व्यक्ति बुरी तरह से घायल है उनके शरीर से आंख मुंह से खून निकल रहा था एम्बुलेंस को सूचना देने पर भी एंबुलेंस नहीं पहुंच पाया जिसके बाद पुलिस वालों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस के गाड़ी 112 में ही दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया दोनों व्यक्ति की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. रायपुर शहर के विभिन्न स्थानों में आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है इसका प्रमुख कारण जो है ओवर स्पीड में बाइक चलाना एवं रॉन्ग साइड से गाड़ियों की आवाजाही है यातायात पुलिस की लाख कोशिशो के बाद भी रॉन्ग साइड से गाड़ियों की आवाजाही नहीं रुक पा रही है जिसकी वजह से ओवर स्पीड में बाइक सवार वाहन को संभाल नहीं पा रहे हैं और हादसे के शिकार होते नजर आ रहे हैं.

डुमरतराई में सुबह हुआ हादसा

ब्रेकिंग न्यूज

देश में मोदी नहीं, अडानी की सरकार है : राहुल गांधी

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अंबाला में कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि महिला शक्ति योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 2000 रुपये जमा किये जायेंगे। एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करेंगे और विधवाओं, बुजुर्गों और विकलांगों के बैंक खातों में हर महीने 6000 रुपए जाएंगे। गारंटीशुदा एमएसपी दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा सरकार पहला कदम है। यहां बदलाव होगा लेकिन जब दिल्ली में सरकार आएगी तो मैं जानना चाहता हूं कि गरीबों की जेब में कितना पैसा जा रहा है और उनकी जेब से कितना पैसा निकल रहा है और मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। सब जो छोटी पार्टियां यहां (हरियाणा में चुनाव लड़ रही हैं) वे भाजपा की पार्टी हैं। उनका रिमोट कंट्रोल उनके हाथ में है। उन्होंने रकहा कि लड़ाई बीजेपी और कांग्रेस के बीच है। यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ न्याय है, दूसरी तरफ अन्याय। यह मोदी जी की सरकार नहीं है। ये अडानी की सरकार है। हम हरियाणा में अडानी जी जैसे लोगों की सरकार नहीं चाहते।

दिवाली-छठ में चलेंगी 6000 विशेष ट्रेनें, वंदे भारत भी शामिल

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए अब तक 678 विशेष ट्रेनें चलाने की योजना की घोषणा की। रिपोर्ट के मुताबिक इन 678 स्पेशल ट्रेनों में से 519 के लिए नोटिफिकेशन पहले ही जारी किया जा चुका है। ये विशेष ट्रेनें 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक संचालित होंगी। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान अपेक्षित भीड़ के जवाब में, विशेष वंदे भारत ट्रेनें भी शुरू की जाएंगी। यह पहली बार होगा जब वंदे भारत ट्रेन को त्योहारी सीजन के दौरान स्पेशल ट्रेन के तौर पर चलाया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 20 कोच वाली वंदे भारत स्पेशल ट्रेन दिल्ली से बिहार के विभिन्न गंतव्यों के लिए चलेगी।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, कांग्रेस वित्त मंत्री सीतारमण से इस्तीफा मांग रही है।

चुहिया- हां जी, इस्तीफा तो पी.एम. मोदी से भी मांग रहे हैं... पर देता कौन है!

मिथुन चक्रवर्ती को मिलेगा दादा साहब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिया जा रहा है। इसका एलान ट्वीट करके केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है। मिथुन को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन 8 अक्तूबर 2024 को होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा कर लिखा, %यह घोषणा करते हुए मुझे गर्व हो रहा है कि दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार देने का फैसला किया है। 8 अक्टूबर को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

पैसा डबल होने के लालच में फंसे 30 गांव के ग्रामीणों से करोड़ों की ठगी

बलरामपुर, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। जिले के वाड्रफनगर के चलगली थाना क्षेत्र में ग्रामीणों से करोड़ो रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. पैसे डबल करने का लालच देकर लोगों को चूना लगाया गया है. 30 गांव के ग्रामीणों ने पैसा डबल होने के लालच में पीएम आवास योजना तक का पैसा दे दिया है. 50 से ज्यादा पीड़ितों ने मामले की शिकायत चलगली थाने में की है.

ग्रामीणों के अनुसार, ह्रह्लह्लब्रस्ड्ड ऐप के माध्यम से पैसा डबल करने का लालच देकर 30 गांव के लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपए की ठगी की गई है. ग्रामीणों ने लालच में आकर प्रधानमंत्री आवास योजना और धान की फसल गिरवी रखकर पैसा गंवाया है. इसकी शिकायत 50 से ज्यादा संख्या ग्रामीणों ने थाने में की है. ग्रामीणों के मुताबिक, अन्य लोगों के साथ भी ठगी होने की आशंका है. शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. इस मामले में बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव वेंकट ने बताया कि शिकायत पुलिस को मिली है. पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. ठगी करने वाले गिरोह को जल्द से जल्द बलरामपुर पुलिस पकड़ेगी।

सुनीता विलियम्स की होगी सुरक्षित वापसी; स्पेस-एक्स के ड्रैगन ने संभाली कमान, अंतरिक्ष पहुंचा कैप्शूल

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा।

स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं।

कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद थ्रस्टर की विफलता और हीलियम रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा। ड्रैगन के साथ गए नासा के निक हेग और रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के एलेक्जेंडर गोर्बुनोव फरवरी तक अंतरिक्ष स्टेशन में ही रहेंगे। वहीं विल्मोर और विलियम्स के लिए अंतरिक्ष स्टेशन में यह प्रवास आठ महीने लंबा हो जाएगा।

2 अक्टूबर को लगेगा सूर्य ग्रहण बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (न्यूज चैनल)। एस्ट्रो साइकिल में इस सप्ताह सूर्य को ग्रहण लग रहा है। यह ग्रहण कन्या राशि में हस्त नक्षत्र में लगेगा। हालांकि ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा लेकिन इसका वैश्विक प्रभाव पड़ेगा और बाजार भी अगले 45 दिन तक इस ग्रहण से प्रभावित रह सकते हैं। इसी सप्ताह अक्टूबर महीने की शुरुआत होगी और अक्टूबर का महीना मंगलवार के दिन शुरू हो रहा है। बुध अक्टूबर में 2 बार राशि परिवर्तन करेंगे। 10 अक्टूबर को बुध का गोचर तुला राशि में होगा जबकि 29 अक्टूबर को बुध वृश्चिक राशि में गोचर करना शुरू करेंगे। इसके अलावा शुक्र 13 अक्टूबर को वृश्चिक राशि में गोचर करेंगे और सूर्य का गोचर 17 अक्टूबर को तुला राशि में होगा, यह सूर्य की नीच राशि है।

मंगल 20 अक्टूबर को अपनी नीच राशि कर्क में गोचर करना शुरू करेंगे और शनि के साथ षडाष्टक योग भी बनाएंगे। इस लिहाज से अक्टूबर में सूर्य को ग्रहण भी लग रहा है। मंगल और सूर्य नीच भी हो रहे हैं और मंगल शनि का षडाष्टक योग भी बन रहा है। बाजार पर सितारों की इस स्थिति का प्रभाव नजर आ सकता है। इस सप्ताह 2 अक्तूबर को गांधी जयंती की छुट्टी के कारण 2 अक्टूबर को बाजार बंद रहेंगे और बाजार में सप्ताह में 4 दिन ही कारोबार होगा। 30 सितंबर को चन्द्रमा सिंह राशि में पूर्व फाल्गुनी नक्षत्र में गोचर करेंगे और शनि के प्रभाव में रहेंगे लिहाजा इस दिन बाजार में सुस्ती देखने को मिल सकती है लेकिन इसके बावजूद मैटल शेयरों पर खास फोकस बनता हुआ नजर आ सकता है।

1 अक्टूबर को चन्द्रमा सूर्य के उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में सिंह राशि में ही गोचर करेंगे लिहाजा इस दिन सरकारी सैक्टर से संबंधित कंपनियों के शेयरों में फोकस बनता हुआ नजर आ सकता है। 2 अक्टूबर को बाजार बंद रहेंगे जबकि 3 अक्तूबर को चन्द्रमा का गोचर हस्त नक्षत्र में होगा और चन्द्रमा अस्त भी होंगे और ग्रहण के प्रभाव में भी होंगे लिहाजा इस दिन बाजार में गिरावट नजर आ सकती है इस कारण संभल कर ट्रेड करना चाहिए। 4 अक्टूबर को चन्द्रमा का गोचर मंगल के चित्रा नक्षत्र में होगा लिहाजा बाजार थोड़ा संभलने की कोशिश करेगा लेकिन ट्रैंड नैगेटिव दिशा का ज्यादा रहेगा।

विवाद होने पर कटर चलाया, युवक की हालत नाजुक

भिलाई, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। भिलाई में छावनी थाना अंतर्गत कैंप वन में बीती देर रात दो गुटों के बीच जमकर बवाल हुई। इसमें आरोपी पक्ष ने दो युवकों पर कटर से हमला कर दिया। इसमें एक युवक का पेट कट गया और उसकी आंतें बाहर आ गईं। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि रात 12 बजे उन्हें सूचना मिली की शास्त्री नगर साक्षरता चौक कैंप 1 में कुछ लोगों के बीच काफी झगड़ा हुआ है और कटर भी चला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पाया को दो लोगों को चाकूनुमा चीज से मारा गया है। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें प्रतीक वासनिक पिता अनूप वासनिक के पेट में कटर लगने से उसके पेट की आंत बाहर आ गईं थी। प्रतीक को बचाने के लिए उसका भाई आया तो आरोपियों ने उसे भी कटर मार दिया। दोनों घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया गया, जहां गंभीर हालत में एक को बीएम शाह अस्पताल ले जाया गया।

ब्लाइंड मर्डर केस की सुलझी गुत्थी

नौकरानी का बेटा निकला कातिल, पैसों की लालच में की हत्या

रायगढ़, 30 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में 4 दिन पहले एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। अब पुलिस ने कामवाली बाई साधमति, उसका बेटा दीपक यादव और पत्नी हिरासत में ले लिया है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर लेकर हत्यारा भाग गया था। मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, 25 सितबंर की रात को रमेश तिवारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। 26 सितबंर को लहूलुहान हालत में उसका शव घर में मिला था। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं। पूछताछ के बाद सोमवार को पूरे मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं। दरअसल मृतक बब्बू तिवारी के घर में वर्षों से काम करने वाली बाई का बेटा ही कातिल निकला, मामले को सुलझाने रायगढ़ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में उनकी टीम लगातार 3 दिनों तक काम करती रही, जिसमे पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम, व डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गयी। आखिरकार 3 दिन बाद रायगढ़ पुलिस को ब्लाइंड मर्डर केस में सफलता मिल गयी।

आरोपी के पकड़े जाने के बाद मृतक की बेटी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हमें तो बिलकुल अंदेशा ही नहीं था की जो बाई हमारे घर में वर्षों से काम कर रही है, उसी का बेटा ही कातिल निकलेगा। आरोपी दीपक मेरी बड़ी बहन के साथ का है, हम लोग उसको बचपन से जानते है। दीपक ने ऐसा पैसे के लिए किया है। अगर उसके द्वारा पैसे मांगे जाते तो हम उसे पैसे दे देते। मृतक की बेटी ने बताया कि मैं और मेरा परिवार रायगढ़ पुलिस का बहुत ही आभार प्रकट करते है और सभी से ये अपील करती हूं कि आप अपने बुजुर्ग माता पिता को अपने साथ रखे हमने जो गलती करे वो आप न करे। मेरे पिता के कातिल को हम सब लोग बचपन से जानते है, ऐसा कभी नहीं सोचा कि जो बाई हमारे घर में इतने सालो से काम कर रही है उसी का बेटा पैसो की लालच में आकर मर्डर कर देगा।